समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 23 September 2026

# Air India विमान हादसे की जांच रिपोर्ट से मचा हड़कंप, अमेरिका मे पंहले लीक हुआ डेटा, मृत पायलट पर गंभीर आरोप।

Publisher Published on 14 Jul 2025



**गुजरात मे हुंए एयर इंडिया हादसे की जांच रिपोर्ट से पायलट की गलती उजागर, रिपोर्ट लीक होने से सुरक्षा एजेसिंयों की भूमिका पर सवाल।**

**नई दिल्ली :** 12 जून को गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे **एयर इंडिया के विमान दुर्घटना** की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट ने दुनिया भर में सनसनी मचा दी है। इस हादसे में **270 लोगों की मौत** हुई थी, जिनमें **242 यात्री** और **विमान चालक दल के सदस्य शामिल** थे। लेकिन अब सवाल ये उठ रहा है कि **यह संवेदनशील रिपोर्ट भारत से पहले अमेरिका मे कैसे लीक हो गई**?

**वॉल स्ट्रीट जर्नल** ने **भारत मे रिपोर्ट जारी होने से पहले** ही विमान के **इंधन स्विच मे गड़बड़ी** और **पायलट की लापरवाही** के संभावित पहलुओं को प्रकाशित कर दिया था। यह घटना भारतीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय और विमानन सुरक्षा प्रणाली पर **गंभीर सवाल** खड़े कर रही है।

**कैसे हुआ हादसा ? जांच रिपोर्ट मे क्या सामने आया ?**
**एयरक्राफ्ट एक्सीडेटं इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB)** की रिपोर्ट के मुताबिक:
१. **उड़ान के ठीक 30 सेकंड बाद, विमान का इंजन 1 और इंजन 2 दोनों के इंधन कटऑफ स्विच RUN से CUTOFF मे बंदल दिए गए**
२. **इससे इंजन मे ईंधन की आपूर्ति रुक गई और दोनों इंजन अचानक बंद हो गए**
३. **यह घटना 08:08:42 UTC पर हुई जब विमान 180 नॉट्स की स्पीड पर था**

४. **कॉकपिट मे उंड़ान से पहले विवाद और भ्रम की स्थिति दर्ज की गई थी**

**एयरक्राफ्ट एक्सीडेटं इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB)**रिपोर्ट कहती है कि यह परिवर्तन शायद पायलट की मानवीय गलती थी, जिससे पूरी फ्लाइट दुर्घटना का शिकार हो गई।

पायलट पर क्यों उठे सवाल ?
प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा गया है कि:
१. **इंधन कटऑफ स्विच एक ही समय मे चालू किए गए, जिससे दोनों इंजन ने काम करना बंद कर दिया**
२. **यह घटना बताती है कि कॉकपिट मे तालमेल की कमी थी**
३. **मृत पायलट पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए गए है, हालांकि पायलट यूनियनों ने इसका कड़ा विरोध भी दर्ज कराया है**

**अमेरिका मे रिपोर्ट लीक कैसे हुई ?**
सबसे चौंकाने वाली बात यह रही कि यह रिपोर्ट भारत में जारी होने से पहले **वॉल स्ट्रीट जर्नल** द्वारा प्रकाशित कर दी गई थी।
इस पर सवाल उठते हैं कि:
१. **क्या रिपोर्ट आधिकारिक रिलीज से पहले लीक की गई ?**
२. **क्या भारतीय एजेसिंयों ने पर्याप्त सुरक्षा उपाय नहीं अपनाए ?**
३. **नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू को इस संदर्भ मे पंत्र भेजकर जवाब मांगा गया है**।

**एयरलाइंस मे अंलर्ट मोड, बोइंग विमानों की जांच शुरू**
इस हादसे के बाद यूएई की एयरलाइन **Etihad Airways** ने अपने **Boeing 787** विमान के पायलटों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
अब यह भी जांच की जा रही है कि:
१. **इंधन नियंत्रण स्विच की डिज़ाइन मे कोंई खामी तो नहीं है**
२. **क्या यह केवल मानव त्रुटि थी या तकनीकी गलती भी जिम्मेदार है ?**

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.